बिहार सरकार

स्वास्थ्य विभाग

आदेश

**सं0सं0–9/विविध–13–01/2025(स्वा0) ....................../ पटना, दिनांकः–................................**

सिविल सर्जन कार्यालय, नवादा के पत्रांक–1580 दिनांक–22.05.2025 के द्वारा प्रतिवेदित है कि डॉ० अमित कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी, सदर अस्पताल, नवादा को विभागीय अधिसूचना सं०–2030(2) दिनांक–30.12.2022 के द्वारा सदर अस्पताल, नवादा में चिकित्सा पदाधिकारी के पद पर पदस्थापित किया गया। जिसके आलोक में डॉ० कुमार द्वारा दिनांक–19.01 2023 के पूर्वाह्न में योगदान समर्पित किया गया। योगदान के उपरान्त वे अनधिकृत रूप से अनुपस्थित रहे है। डॉ० कुमार द्वारा दिनांक–19.05.2025 को अनधिकृत अनुपस्थिति की अवधि में तबीयत खराब रहने का जिक्र करते हुए पुनः पदस्थापित स्थान पर योगदान करने का आवेदन सिविल सर्जन कार्यालय, नवादा में समक्ष समर्पित किया गया। सिविल सर्जन, नवादा के द्वारा डॉ० कुमार का योगदान संबंधी आवेदन पर मार्गदर्शन की मॉग की गयी है।

**2.** सिविल सर्जन, नवादा के द्वारा डॉ० कुमार योगदान संबंधी आवेदन पर याचित मार्गदर्शन के संबंध में समीक्षोपरान्त डॉ० कुमार के आवेदन को स्वीकार करते हुए पूर्व पदस्थापित स्थान पर योगदान कराने का निर्णय लिया गया है।

**3.** सिविल सर्जन, नवादा को निदेशित किया जाता है कि डॉ० कुमार को निर्गत आदेश के आलोक में योगदान स्वीकार करते हुए उन्हें पूर्व पदस्थापित स्थान का प्रभार ग्रहण करायी जाये। डॉ० कुमार का योगदान करने की सूचना अविलंब विभाग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय।

**4.** डॉ० अमित कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी, सदर अस्पताल, नवादा के विरूद्ध अनधिकृत अनुपस्थिति के लिए विहित प्रपत्र में आरोप–पत्र गठित कर उपलब्ध करायी जाय।

**5.** इसमें सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

ह०/–
(उपेन्द्र राम)
**सरकार के अवर सचिव।**

**ज्ञापांक–9/विविध–13–01/2025(स्वा0) ....................../ पटना, दिनांकः–................................**

**प्रतिलिपिः**–महालेखाकार, (ले0 एवं हक0) बिहार, पटना/प्रभारी पदाधिकारी, वित (वै0दा0नि0को0) विभाग, बिहार, पटना/कोषागार पदाधिकारी, नवादा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–
**सरकार के अवर सचिव।**

**ज्ञापांक–9/विविध–13–01/2025(स्वा0)** 937(9)**/ पटना, दिनांकः–** 18.8.25

**प्रतिलिपिः**–क्षेत्रीय अपर निदेशक, स्वास्थ्य सेवाएँ, मगध प्रमण्डल, गया/सिविल सर्जन, नवादा को निदेशित किया जाता है कि डॉ० अमित कुमार के कर्त्तव्य पर योगदान करने से संबंधित प्रतिवेदन विभाग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगें।

**प्रतिलिपिः**–डॉ० अमित कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी, सदर अस्पताल, नवादा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपिः**–माननीय स्वास्थ्य मंत्री के आप्त सचिव/अपर मुख्य सचिव, स्वा0 विभाग के प्रधान आप्त सचिव/सचिव, स्वा0 विभाग, के प्रधान आप्त सचिव/विशेष सचिव, स्वा0 विभाग/सभी निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाऐं, बिहार पटना के निजी सहायक/प्रभारी प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–2, 3, 7, 8, 17 एवं 18A स्थापना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपि**–आई0टी0 मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग को विभागीय वेबसाइट में प्रकाशनार्थ प्रेषित।

18/08/2025
**सरकार के अवर सचिव।**